# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला–176215

## HIMACHAL PRADESH BOARD OF SCHOOL EDUCATION DHARAMSHALA-176213

HB/PS (43)MCQAnswer key 8th ,10th & 12th -82/ March-2026-2264-69 दिनांक: 05-03-2026

## "अधिसूचना"

अधिसूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 10th & 12th की March-2026 की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन परीक्षाओं से सम्वन्धित सभी विषयों के बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) की अस्थाई उत्तर कुंजियां (Provisional Answer keys) बोर्ड की वेबसाइट www.hpbose.org पर प्रत्येक विषय की परीक्षा की समाप्ति के दिन से 24 से 48 घंटों तक अपलोड कर दी जाएगी। इन परीक्षाओं से सम्बन्धित विषयवार उत्तर कुंजियों में दर्ज उत्तरों के सम्बन्ध में यदि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्तियाँ सम्वन्धित विषय व कक्षा की सूचना सहित, प्रमाणित तथ्यों सहित दिनांक **05-04-2026** तक अनुभाग अधिकारी, प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा को e-mail id: hpbosesopapersetting.43@gmail.com पर ई-मेल द्वारा दर्ज करवा सकते हैं। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियाँ दस्ती तौर पर भी कार्य दिवस में बोर्ड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। दिनांक **05-04-2026** के उपरान्त प्रत्येक विषय की उत्तर कुन्जीयों (MCQ Answer Keys) से सम्बन्धित किसी भी मौखिक या लिखित आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक के माध्यम से आपत्तियों को दर्ज करवाने वाले/भेजने वाले अभ्यर्थी दिनांक **05-04-2026** सायं पांच बजे तक अपनी आपत्तियां बोर्ड कार्यालय में पहुँचना सुनिश्चित करें। प्रमाणीकृत तथ्यों से रहित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक कोई आपति प्राप्त न होने की स्थिति में अस्थाई उत्तर कुंजी (Provisional Answer key) को ही अंतिम उत्तर कुंजी (Final Answer key) माना जाएगा व तदानुसार परीक्षा परिणाम तैयार कर लिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिये अभ्यर्थी दूरभाष न० **01892-242134** पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

डा० (मेजर) विशाल शर्मा
सचिव

पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. निजी सहायक, अध्यक्ष/सचिव हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
2. अनुभाग अधिकारी आई०टी० सैल को इन निर्देशों के साथ प्रेषित है कि अधिसूचना एवं उत्तर कुंजी को बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करने बारे आवश्यक कार्यवाही करें।
3. प्रभारी, लोक सम्पर्क, हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड को इन निर्देशों के साथ प्रेषित है कि वह इस अधिसूचना को समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित करें।
4. अनुभाग अधिकारी, गोपनीय परीक्षा शाखा को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

डा० (मेजर) विशाल शर्मा
सचिव